रोहतक
शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष,
10/11 वर्ष : 27, अंक : 330
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 22.0
न्यून. 3.1

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



05 राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में खिताब बचाने उतरेंगी स्वीटी




# सेना के दो वाहनों पर आतंकियों ने किया घात लगाकर हमला, पांच जवान शहीद

*दो घायल, हमले की जिम्मेदारी लश्कर ने ली, कश्मीर में सुरक्षा हाईअलर्ट पर*

**पुंछ/जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में बृहस्पतिवार को हथियारों से लैस आतंकवादियों द्वारा सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में 5 सैनिक शहीद हो गए और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शहीद हुए दो सैनिकों के शव क्षत-विक्षत थे। अधिकारियों ने बताया कि सैन्यकर्मियों को एक घेराबंदी और तलाशी अभियान स्थल पर ले जा रहे वाहनों पर सुरनकोट थाना के अंतर्गत आने वाले ढेरा की गली और बुफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर अपराह्न करीब पौने चार बजे हमला किया गया। जम्मू-कश्मीर के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों - गुलाम नबी आजाद और महबूबा मुफ्ती ने हमले की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की शाखा पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने घात लगाकर किए गए इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

## शहीद हुए दो सैनिकों के शव क्षत-विक्षत हालत में मिले

### अतिरिक्त सैन्यबल भेजे गए

अधिकारियों ने बताया कि अतिरिक्त जवान घटनास्थल की ओर बढ़ रहे थे, तभी आतंकवादियों ने दो वाहनों-एक ट्रक और एक जिप्सी-पर गोलीबारी की, जिसमें तीन सैनिक शहीद हो गए और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घात लगाकर जिस स्थल पर हमला हुआ, वहां अतिरिक्त सैन्यबल भेजे गए हैं और आतंकवाद विरोधी अभियान बड़े पैमाने पर शुरू किया गया है। घटनास्थल की व्यथित करने वाली तस्वीरों और वीडियो में सड़क पर पड़ा खून, सैनिकों के टूटे हुए हेलमेट और सेना के दो वाहनों के टूटे हुए शीशे दिखाई दे रहे हैं।



### सैनिकों के हथियार भी ले गए आतंकी

ऐसी संभावना है कि जिन सैनिकों पर हमला किया गया, आतंकी उनके हथियार ले गए हैं। राजौरी और पुंछ जिलों की सीमा पर स्थित ढेरा की गली और बुफलियाज के बीच का इलाका घने जंगलों वाला है और यह चमरेर जंगल और फिर भाटा धुरियन जंगल की ओर जाता है, जहां इस साल 20 अप्रैल को सेना के वाहन पर घात लगाकर किए गए हमले में 5 सैनिक शहीद हो गए थे।

### पूर्व डीजीपी बोले-पाक ने योजनाबद्ध हमला करवाया

जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने कहा-आर्मी के वहानों पर हमला पाकिस्तान की तरफ से योजनाबद्ध तरीके से किया गया। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद जो सकारात्मक बदलाव हुए हैं, आतंकी इस नैरेटिव को बदलना चाहते हैं।

### एक दिन पहले सुरनकोट के पुलिस कैंप में हुआ ब्लास्ट

पुंछ के सुरनकोट इलाके में 19-20 दिसंबर की दरम्यानी रात एक पुलिस शिविर में ब्लास्ट हुआ था। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार (20 जनवरी) को इस घटना की जानकारी दी। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि पुलिस कैंप में खड़े कई वाहनों की खिड़कियों के शीशे टूट गए।

## अंदर के पन्नों पर

- पवित्र ग्रंथ के उपदेश लोगों तक पहुंचाने में संस्थानम की अहम भूमिका : नड्डा पेज-2
- कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण का प्रस्ताव पेज-7

## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचार के मामले में तमिलनाडु के मंत्री व पत्नी को 3 साल कैद

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने गुरुवार को भ्रष्टाचार के मामले में तमिलनाडु के मंत्री पोनमुडी और उनकी पत्नी को तीन साल जेल की सजा सुनाई है। हाईकोर्ट ने दोनों पर 50-50 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत की तरफ से पोनमुडी को बरी करने के फैसले को पलटते हुए ये सजा सुनाई। दोनों भ्रष्टाचार के जरिये 1.75 करोड़ रुपये की आय से ज्यादा प्रॉपर्टी जुटाने के मामले में दोषी पाए गए थे। कोर्ट का फैसला आने के बाद के पोनमुडी विधायक पद के लिए अयोग्य हो गए हैं। साथ ही उन्होंने मंत्री पद भी खो दिया। कोर्ट का फैसला आने से पहले तक वे उच्च शिक्षा मंत्री थे। अब यह विभाग पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री आरएस राजकन्नप्पन को दिया गया है। एजेंसी



### पीड़ित की पहचान बताने वाली पोस्ट हटाएं राहुल

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आदेश दिया कि वह 2021 में रेप का शिकार हुई नाबालिग पीड़ित की पहचान का खुलासा करने वाली सोशल मीडिया पोस्ट को हटाएं, ताकि बच्ची की पहचान दुनियाभर में उजागर न हो। भाषा



### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की सर्विस डाउन

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स डाउन हो गया है। इस कारण यूजर्स पोस्ट नहीं कर पा रहे हैं और न ही देख पा रहे हैं। भारत समेत दुनियाभर के यूजर्स को गुरुवार सुबह 11.15 बजे से एक्स को एक्सेस करने में समस्या हो रही है। आउटेज ट्रैकिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर.कॉम पर कई लोगों ने एक्स को डाउन होने की जानकारी दी। हालांकि बाद में यह ठीक हो गया। एजेंसी

## बृजभूषण के करीबी संजय सिंह ने कॉमनवेल्थ चैंपियन अनिता को हराया

# संजय के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनते ही साक्षी ने कुश्ती छोड़ी

## पहलवान बोलीं, नया अध्यक्ष बृजभषण का पार्टनर, अब न्याय की उम्मीद नहीं

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनावों में जीम दर्ज कर गुरुवार को अध्यक्ष चुने गए हैं। इसके तुरंत बाद ओलंपिक पदक विजेता हरियाणा की महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास ले लिया। साक्षी ने अपने जूते टेबल पर रखते हुए कहा कि नया अध्यक्ष बृजभूषण का बेहद करीबी है। अब न्याय की उम्मीद नहीं है। इससे पहले महासंघ के चुनाव में संजय पैनल के सदस्यों ने अधिकतर पदों पर जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष संजय को 40, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता अनिता श्योराण को सिर्फ 7 मत मिले। आरएसएस से जुड़े संजय वाराणसी के रहने वाले हैं और बृजभूषण के बहुत करीबी सहयोगी हैं। जीत के बाद महासंघ के अंदर चल रही राजनीति के बारे में संजय ने कहा, 'हम राजनीति का जवाब राजनीति और कुश्ती का जवाब कुश्ती से देंगे।'

**47** कुल वोट

**40** वोट संजय सिंह को मिले

**07** वोट अनिता श्योराण को

**12** साल अध्यक्ष रहे बृजभूषण





**चुनाव नतीजों से पहलवानों को निराशा**

- बजरंग बोले, बृजभूषण के राइट हैंड को अध्यक्ष बनाया
- संजय बोले रेसलर कुश्ती पर ध्यान दें

### साक्षी मलिक ने भावुक होकर कहा आज से मुझे मैट पर नहीं देखेंगे

**नई दिल्ली।** संजय सिंह के अध्यक्ष चुने जाने से निराश रेसलर बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट ने दिल्ली में गुरुवार शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। इस दौरान साक्षी भावुक हो गईं और कुश्ती छोड़ने का ऐलान कर दिया। उन्होंने अपने जूते उतारकर टेबल पर रख दिए और उठकर वहां से चली गईं। इससे पहले साक्षी ने कहा कि हम लड़ाई नहीं जीत पाए कोई बात नहीं। हमारा समर्थन करने देशभर से दूर-दूर से आए लोगों का आभार। हमारी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। साक्षी ने कहा कि नए अध्यक्ष संजय सिंह बृजभूषण के पार्टनर हैं। जब तक बृजभूषण और उनके जैसे लोग संघ से जुड़े हैं न्याय की उम्मीद नहीं है। ऐसे में मैं आज से ही अपनी कुश्ती त्यागती हूं। आज से आप मुझे मैट पर नहीं देखेंगे। पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा हम लड़े लेकिन सरकार से जो उम्मीद थी वो पूरी नहीं हुई।

**अनिता पैनल:** महासचिव पद जीतने में सफल रहा। प्रेम चंद लोचब ने दर्शन लाल को हराया। लोचब ने 27-19 से जीत दर्ज की। वहीं प्रदर्शनकारी पहलवानों के करीबी माने जाने वाले देवेंद्र सिंह कादियान ने आईडी नानावटी को 32-15 से हराकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद जीता।

**संजय पैनल:** उपाध्यक्ष के चारों पद जीते। दिल्ली के जय प्रकाश (37), बंगाल के असित कुमार (42), पंजाब के करतार सिंह (44) और मणिपुर के एन फोनी (38) ने जीत हासिल की। सत्यपाल सिंह देसवाल नए कोषाध्यक्ष होंगे। उत्तराखंड के देसवाल ने जम्मू-कश्मीर के दुष्यंत शर्मा को 34-12 से हराया।

### प्रतिशोध की राजनीति नहीं



डब्ल्यूएफआई में कोई प्रतिशोध की राजनीति नहीं होगी। अगर विरोध करने वाले पहलवान कुश्ती जारी रखना चाहते हैं तो उनके साथ निष्पक्षता से व्यवहार किया जाएगा। संघ उनका समर्थन करेगा।

*- बृजभूषण शरण सिंह, पूर्व अध्यक्ष*



गुरुग्राम। भीषण ठंड के बीच स्कूल बस का इंतजार कर रहे बच्चे।

## हिसार: बालसमंद में पारा 3.1 डिग्री तक लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पहाड़ों पर हो रही भारी बर्फबारी और उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण मैदानी भागों में लोग कंपकंपाने लगे हैं। गुरवार को हिसार के गांव बालसमंद का न्यूनतम पारा 3.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जोकि प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले कुछ दिनों में तापमान गिरने व सर्दी और बढ़ने की संभावना जताई है। कुछ दिनों से राज्य का मौसम परिवर्तनशील चल रहा है। दिसंबर मध्य बीत जाने के बाद अब कई क्षेत्र ठंड व कोहरे की चपेट में आने लगे हैं। बताया जा रहा है कि गुरवार को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी जारी है। इसके कारण कई इलाकों में तापमान शून्य से नीचे चला गया है। लोगों भीषण ठंड झेलनी पड़ रही है। कई जगहो पर तो पानी के स्रोत जमने लगे हैं।

### कहां कितना पारा

| स्थान | पारा | स्थान | पारा |
|---|---|---|---|
| बालसमंद | 3.1 | भिवानी | 6.9 |
| हिसार | 4.2 | सिरसा | 6.4 |
| करनाल | 4.4 | फतेहाबाद | 5.4 |
| अंबाला | 6.9 | गुरुग्राम | 7.8 |
| नारनौल | 6.4 | झज्जर | 7.0 |
| रोहतक | 6.4 | महेन्द्रगढ़ | 4.8 |

*(पारा न्यूनतम डिग्री सेल्सियस में)*

### 24 तक ऐसा ही रहेगा मौसम

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खिचड़ का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के चलते 24 दिसंबर तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। 22 दिसंबर रात्रि व 23 दिसंबर के दौरान राज्य में बीच बीच में आंशिक बादलवाई रहने, हवाएं चलने तथा कुछ एक स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी की भी संभावना है।

## जींद फैमिली कोर्ट परिसर में युवक ने जहर निगला

*सोनू का पत्नी के साथ चल रहा था विवाद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

**चिकित्सकों ने पीजीआई रोहतक रेफर किया**

फैमिली कोर्ट परिसर में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब परिवार विवाद के चलते एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। युवक की हालत बिगड़ने पर उसे नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया है। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। गांव मातन निवासी सोनू (30) का पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर मामला फैमिली कोर्ट में विचाराधीन है। सोनू को फैमिली कोर्ट में खर्चा भरना था। उसी सिलसिले में सोनू यहां पहुंचा था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



जींद के नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन सोनू।

## घूसकांड में सस्पेंड हुए आईएएस दहिया बहाल

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** कौशल रोजगार निगम के रिश्वत केस में सस्पेंड हुए आईएएस विजय दहिया को सरकार ने फिलहाल बहाल कर दिया है। सरकार की ओर से इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं। एक माह पहले दहिया को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गिरफ्तार किया था। हालांकि उन्हें कुछ दिन बाद इस मामले में जमानत मिल गई थी। उन पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन ) में 5 लाख रिश्वत लेने का आरोप था। इससे पहले रिश्वत लेने की आरोपित पूनम चोपड़ा को एसीबी गिरफ्तार कर चुकी है। उसके पास से 5 लाख रिश्वत के भी बरामद किए जा चुके हैं। मामले का खुलासा शिकायतकर्ता फतेहाबाद टोहाना के रहने वाले रिंकू मनचंदा के द्वारा ब्यूरो को दी शिकायत में हुआ था।

**2001 बैच के आईएएस हैं दहिया**

## कमिश्नर-जॉइंट कमिश्नर का वेतन काटने के आदेश

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरुवार को गुरुग्राम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था ध्वस्त मिलने पर सीएम ने नगर निगम कमिश्नर का 15 दिन का वेतन काटने और जॉइंट कमिश्नर की 1 महीने की सैलरी काटने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने 1 सप्ताह के अंदर शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, कन्हई रोड पर सफाई व्यवस्था देख रही एजेंसी पर 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।



गुरुग्राम में गंदगी देख गुस्साए सीएम एजेंसी पर एक लाख जुर्माना लगाया

### इन पर जुर्माना

मनोहर ने नगर निगम के आयुक्त का 15 दिन का वेतन काटने, संयुक्त आयुक्त का 1 माह का वेतन काटने के निर्देश दिए। सफाईकर्मियों के फिल्ड ऑफ़िसर अजय कुमार पर 1,000 रुपये, एडिशनल सैनेटरी इंस्पेक्टर पर 2,000 रुपये, सीनियर सेनेटरी इंस्पेक्टर पर 3,000 रुपये तथा ज्वाईंट कमिश्नर संजय सिंगला पर 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## क्लोरफेनिरामाइन मैलेट और फिनाइलफ्राइन वाले कफ सिरप बच्चों के लिए घातक

**बरतें सावधानी**

**डीसीजीआई ने कहा, 4 साल से छोटे बच्चों को न दें, दवा कंपनियां इन दवाओं पर चेतावनी भी लिखें**

मुंबई(एजेंसी)। भारत के ड्रग्स कंट्रोलर जनरल (डीसीजीआई) ने क्लोरफेनिरामाइन मैलेट और फिनाइलफ्राइन के फिक्स कॉम्बिनेशन वाले कफ सिरप को 4 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए खतरनाक माना है। डीसीजीआई ने छोटे बच्चों को यह सिरप न देने को कहा है। क्लोरफेनिरामाइन मैलेट आईपी 2 एमजी और फिनाइलफ्राइन एचसीएल 5 एमजी के कॉम्बिनेशन वाला सिरप आमतौर पर सर्दी-खांसी और फ्लू के इलाज के लिए इस्तेमाल होता है। डीसीजीआई ने फिक्स्ड ड्रग्स कॉम्बिनेशन यानी एफडीसी को लेकर सभी राज्यों को एक लेटर लिखा है। इसमें कहा गया है कि क्लोरफेनिरामाइन मैलेट और फिनाइलफ्राइन के कॉम्बिनेशन से बने कफ सिरप पर यह लिखा जाए कि उसमें दोनों दवाओं की उसमें कितनी-कितनी मात्रा मौजूद है। साथ ही दवाओं के लेवल पर यह चेतावनी लिखी जाए कि इन्हें 4 साल से छोटे बच्चों को नहीं देना है।

## अब संसद की सुरक्षा का जिम्मा सीआईएसएफ को

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को दी गई है। सूत्रों ने बताया कि संसद में सुरक्षा चूक को देखते हुए सरकार ने यह फैसला लिया है। सीआईएसएफ के पास अभी एटॉमिक, दिल्ली मेट्रो, हवाई अड्डे और एयरोस्पेस से जुड़े संस्थानों समेत कई इमारतों की सिक्योरिटी का जिम्मा है। सीआईएसएफ के साथ संसद की सुरक्षा में पार्लियामेंट सिक्योरिटी सर्विस (पीएसएस), दिल्ली पुलिस और पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप (पीडीजी) भी शामिल रहेंगे। पीडीजी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का ही हिस्सा है। सुरक्षा चूक मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों सागर शर्मा, डी मनोरंजन, अमोल शिंदे और नीलम की हिरासत पटियाला हाउस कोर्ट ने 15 दिन और बढ़ा दी है। दो अन्य आरोपित ललित झा और महेश कुमावत भी कस्टडी में हैं। इन छह लोगों से दिल्ली पुलिस की पांच अलग-अलग यूनिट पूछताछ कर रही हैं।


- सुरक्षा चूक मामले के 4 आरोपितों का रिमांड 15 दिन बढ़ाया
- दो अन्य लोगों से भी पूछताछ, 13 दिसंबर हो हुई घुसपैठ

**शीत सत्र** कुल 146 सांसद सस्पेंड, इनमें लोस के 100 और रास के 46 सदस्य

## लोकसभा से तीन सदस्य और निलंबित, बैठक एक दिन पहले अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

*स्पीकर बोले सदन की उत्पादकता 74 प्रतिशत रही*

**नई दिल्ली (भाषा)।** संसद के शीतकालीन सत्र के लिए लोकसभा की बैठक निर्धारित अवधि से एक दिन पहले ही बृहस्पतिवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, लोकसभा में भारी हंगामे के बीच सांसदों के निलंबन की कार्रवाई जारी है। गुरुवार को लोकसभा से तीन और सांसदों को निलंबित कर दिया। इनमें नकुलनाथ, डीके सुरेश और दीपक बैज शामिल हैं। तीनों का निलंबन शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। इससे पहले सदन में तख्तियां लहराने और नारे लगाने के आरोप में 143 सांसदों को लोकसभा और राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया था। इस तरह संसद के दोनो सदनों से निलंबित किए गए सांसदों की संख्या 146 हो गई है। इनमें लोकसभा के 100 और राज्यसभा के 46 सांसद हैं। दरअसल, विपक्षी दलों के सांसद 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में हुई चूक की घटना को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से बयान की मांग कर रहे हैं।



- तीन क्रिमिनल बिल राज्यसभा में भी पास
- शाह बोले, हर केस में तीन साल में न्याय मिलेगा

**कुल 14 बैठकें हुईं :** लोकसभा की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सत्र की शुरुआत चार दिसंबर को हुई थी और तय कार्यक्रम के अनुसार 22 दिसंबर तक इसका संचालन होना था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को बताया कि इस सत्र में कार्य उत्पादकता करीब 74 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा, 'इस सत्र में 14 बैठकें हुईं, जो 61 घंटे 50 मिनट तक चलीं। इस दौरान 12 सरकारी विधेयक पेश किए गए। कुल 18 सरकारी विधेयक चर्चा के बाद पारित किए गए।'

### 35 प्रतिवेदन पेश किए

बिरला ने बताया कि सत्र के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित लोकसभा की स्थायी समितियों ने 35 प्रतिवेदन पेश किए। शीतकालीन सत्र में विभिन्न दलों के सदस्यों ने शून्यकाल में 182 अविलंबनीय लोक महत्व के मामले उठाए। सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाते समय सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और कई केंद्रीय मंत्री तथा कई राजनीतिक दलों के नेता मौजूद रहे।

